दिनांक 08.02.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ डॉ. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम शिक्षा गुणवत्ता जांचने आयुक्त के0एल0 चौहान शा.पूर्व मा. शाला वार्ड 37 सुभाष नगर एवं वार्ड 31 दुर्गा मंदिर के स्कुल पहुंचकर बच्चों को ब्लैक बोर्ड पर अंग्रेजी की अशुद्धियों को शुद्ध किया तथा गणित की जानकारी दी।

आयुक्त श्री चौहान गुरुवार को प्रातः 11 बजे शा.स्कुल सुभाष नगर एवं दुर्गा मंदिर में शिक्षा गुणवत्ता जांचने पहुंचे। उन्होने बच्चों से उनका नाम पुछा और अंग्रेजी में लिखने को कहा। बच्चो के द्वारा लिखे गये अशुद्ध अंग्रेजी को देखकर स्वयं चॉक लेकर ब्लैक बोर्ड में अंग्रेजी की अशुद्धियों को ठीक किये। बच्चों को गणित के प्रश्न हल करने को भी दिये। आयुक्त ने बच्चों से मध्यान्ह भोजन के बारे में तथा पेयजल की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उन्होने उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया।

आयुक्त ने स्कुल के प्रधान पाठक बी.पी. सिंह से संकुल प्रभारी का स्कुल आने की जानकारी तथा पालक समिति की बैठक का विवरण लिया। शासन से प्राप्त अनुदान राशि की उपयोगिता के संबंध में भी प्रधान पाठक से जानकारी ली। श्री चौहान ने स्कुल के शिक्षकों से कहा कि आप लोग बच्चों का भविष्य संवारने वाले हो बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ–साथ व्यवहारिक ज्ञान भी देवें।

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई की 16 फरवरी को आयोजित साधारण सभा के समय में संसोधन करते हुए पूर्व में आहूत सभा 11 बजे के स्थान पर सभा दोपहर 2 बजे से निगम सभागार में आयोजित होगी।

जनसम्पर्क विभाग